प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

2024 - 25

कृषि शस्य विज्ञान (168)

कक्षा – 12 – कृषि

षस्टम् प्रश्न पत्र

(केवल कृषि भाग–2 के परीक्षार्थियों के लिए)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 50

नोट:- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश:-

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ii) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय है तथा प्रश्न संख्या 2 से 6 तक निश्चित उत्तरीय है।

(iii) प्रश्न संख्या 7 से 11 तक अतिलघु उत्तरीय है, इनमें से प्रत्येक का उत्तर 20 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या 12 से 14 तक लघु उत्तरीय है, इनमें से प्रत्येक का उत्तर 200 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

(v) प्रश्न संख्या 15 से 17 तक दीर्घ उत्तरीय है, इनमें से प्रत्येक का उत्तर 300 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

<u>बहुविकल्पीय प्रश्न</u>

1. इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, इनमें से सही उत्तर छाँटकर उसे अपनी उत्तर पुस्तिका में क्रमवार लिखिए।

{क} रैफनस सटाइवस वैज्ञानिक नाम है:– 1

(i) प्याज (ii) लौकी

(iii) मूली (iv) करेला

{ख} भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान स्थित है:- 1

(i) उत्तर प्रदेश (ii) बिहार

(iii) पंजाब (iv) मध्य प्रदेश

{ग} बैंगन का उत्पत्ति स्थान है:– 1

(i)	अफगानिस्तान	(ii)	चीन
(iii)	भारत	(iv)	अफ्रीका

{घ} आम्रपाली प्रजाति है:- 1

(i)	केला	(ii)	पपीता
(iii)	आम	(iv)	सेब

{ड़} वी कटाव का आमतौर से प्रयोग होने वाला सूत्र है:- 1

(i)	$Q = 0.0138h^2\sqrt{h}$	(ii)	$Q = 0.138h^2\sqrt{h}$
(iii)	$Q = 0.138h$	(iv)	इसमें से कोई नहीं।

निश्चित उत्तरीय प्रश्न

2. विटामिन–सी युक्त एक फल का नाम लिखिए। 1
3. गुलाब के कुल का नाम लिखिए। 1
4. दो कोल फसलों के नाम लिखिए। 1
5. लौकी की दो उन्नतशील प्रजातियों के नाम लिखिए। 1
6. एकान्तरित फलन क्या है? 1

अति लघुउत्तरीय प्रश्न

7. बाढ़ की परिभाषा लिखिए। 2
8. टमाटर के बीज शोधन हेतु एक रसायन का नाम एवं मात्रा लिखिए। 2
9. जल निकास किसे कहते हैं? 2
10. उपलवृष्टि किसे कहते हैं? 2
11. भूकम्प की परिभाषा दीजिए। 2

लघुउत्तरीय प्रश्न

12. आम काला सिरा रोग के प्रमुख लक्षण एवं रोकथाम के उपाय लिखिए। 4
13. अम्लीय मृदा किसे कहते हैं? अम्लीय मृदा बनने के कारण एवं निवारण के उपाय लिखिए। 4
14. जलाक्रान्ति का भूमि एवं पौधों पर प्रभाव लिखिए। 4

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

15. निम्न शीर्षक के अन्तर्गत आम एवं सेब की खेती का तुलनात्मक वर्णन कीजिए। 1+1+1+1+1+1=6

(i) उन्नतशील जातियाँ

(ii) खाद एवं उर्वरक

(iii उपज प्रति हेक्टेयर

अथवा

सिंचाई की परिभाषा दें एवं सिंचाई जल के गुण और प्रमाण की व्याख्या करें।

16. फूलगोभी एवं टमाटर की खेती का तुलनात्मक वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए। 6

(i) बीजदर व रोपण दूरी

(ii) खाद एवं उर्वरक की मात्रा

(iii उपज प्रति हेक्टेयर

अथवा

गुलदावदी की खेती का सविस्तार से वर्णन करें।

17. क्षारीय मृदा बनने के कारण तथा उसके सुधार के उपाय का वर्णन करें। 6

अथवा

निम्न पर टिप्पणी लिखें–

(i) अतिवृष्टी

(i) पत्तागोभी में खरपतवार की रोकथाम